दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 | Email :- nyaysakshi@gmail.com | रायगढ़, रविवार 24 फरवरी 2019 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए | वर्ष-01, अंक-146

## जम्मू-कश्मीर भेजी गई सुरक्षा बलों की 100 कंपनियां

### यासीन मलिक और जमात के कई नेता हिरासत में



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार देर रात लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख यासीन मलिक और जमात ए इस्लामी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। यासीन मलिक को मायसूमा स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया है। पुलिस उन्हें पकड़कर कोठीबाग थाने ले गई. कहा जा रहा है कि अनुच्छेद 35-ए पर 26 फरवरी को आस-पास सुनवाई प्रस्तावित है. इसी वजह से एहतियातन उन्हें हिरासत में लिया गया है। उधर राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी लीडर महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट कर इस हिरासत का विरोध किया है. उन्होंने ट्विटर पर लिखा, पिछले 24 घंटों में हुर्रियत नेताओं और जमात संगठनों के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। ऐसा मनमाना कदम समझ से परे है, जिससे राज्य में स्थितियां बस बिगड़ेंगी ही. किस कानूनी आधार पर इनकी हिरासत वैध है? आप किसी शख्स को गिरफ्तार कर सकते हो, उसके विचारों को नहीं। इस बीच घाटी में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. गृह मंत्रालय ने अर्द्धसैनिक बलों की 100 कंपनियों को जम्मू-कश्मीर भेजा है. इसमें सीआरपीएफ की 35, बीएसएफ की 35, एसएसबी की 10 और आईटीबीपी की 10 कंपनियां शामिल है. पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर भीषण आतंकवादी हमले के आठ दिन बाद ये कार्रवाई सामने आयी है. इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गये थे.

पिछले दिनों सरकार ने यासीन मलिक और कट्टरपंथी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस ने कुछ नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली थी. बाद में मलिक ने कहा था कि उन्हें राज्य से कभी कोई सुरक्षा नहीं मिली. मलिक ने कहा था, ''मेरे पास पिछले 30 सालों से कोई सुरक्षा नहीं है. ऐसे में जब सुरक्षा मिली ही नहीं तो वे किस वापसी की बात कर रहे हैं. ये सरकार की तरफ से बिल्कुल बेईमानी है. मलिक ने संबंधित सरकारी अधिसूचना को 'झूठ करार दिया. सरकार ने बुधवार को कहा था कि मलिक और गिलानी समेत 18 अलगाववादी नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली गई है.

बता दें कि पुलवामा हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नाराजगी झेल रहे पाकिस्तान में गहमागहमी बढ़ गई है. इसी के चलते पाकिस्तान ने आतंकवादी संगठनों पर कार्रवाई भी कर दी है. गुरुवार को हाफिज सईद के संगठनों को बैन करने के बाद शुक्रवार को पाकिस्तानी सरकार ने मसूद अजहर के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद पर नियंत्रण कर लिया. इसी बीच, पाकिस्तान सेनाध्यक्ष जनरल कमर बाजवा ने नियंत्रण रेखा के पास पोस्ट का दौरा किया।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसा, 1 की मौत 7 घायल



उन्नाव (आरएनएस)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ. जिसमें एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 7 लोग घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, उन्नाव जिले में दिल्ली से बिहार जा रही बस एक्सप्रेस वे पर खड़ी क्रेन से भिड़ गयी. इस घटना में बस सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी. जबकि 7 यात्री गंभीर रूप से घायल हैं।

घायलों को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है. उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर यह लगातार तीसरा बड़ा हादसा है. बताया जा रहा है कि गुड़िया कंपनी की वॉल्वो बस संख्या यूपी 83 बीटी-8353 हादसे का शिकार हो गई. बस अभी औरास थाना क्षेत्र के पास हाजीपुर गोसा गांव के पास से गुजर रही थी कि तभी बस एक्सप्रेस वे पर खड़ी बोरिंग क्रेन से टकराई।

गुड़िया कंपनी की वॉल्वो बस में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एआईएडीएमके के सांसद एस. राजेंद्रन की सड़क हादसे में मौत

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के विलुपुरम जिले से बड़ी खबर सामने आई है. यहां अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के सांसद एस. राजेंद्रन की आज सुबह एक सड़क हादसे में मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार यह घटना विलुपुरम के टिंडिवनम की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पर मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर गई जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया है। बताया जा रहा है कि राजेंद्रन की मौत सिर और सीने में गहरी चोट लगने के कारण हुई है। वहीं, एआईएडीएमके नेता की मौत की घर से सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया और राजेंद्रन के घर पर नेताओं समेत जानी मानी हस्तियों का तांता लगना शुरू हो गया। बता दें कि साल 2014 के चुनाव में एस. राजेंद्रन एआईडीएमके के उम्मीदवार के रूप में विलुपुरम निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे।

### शख्स ने परिवार के 5 सदस्यों की हत्या की

रांची (आरएनएस)। झारखंड के सरायकेला जिले में शनिवार को एक शख्स ने तीन किशोर भतीजों सहित अपने परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी। यह घटना पुरीसिल्ली गांव में हुई। 40 वर्षीय चिन्नू सोरेन ने पहले अपने बड़े भाई 45 वर्षीय रबि मांझी पर हमला किया और फिर उसके परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। सोरेन ने अपने भाई और यहां तक कि अपनी मां को भी मारने की कोशिश की, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरायकेला के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा कि रबि मांझी और उनके परिवार की हत्या के बाद सोरेन ने उनके घर को आग लगा दी। मांझी के अलावा उसकी पत्नी पार्वती (30) और तीनों बच्चे जीतन (15), सुरेश (13) और परेश (11) मारे गए। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गिरफ्तार किया गया सोरेन मानसिक रूप से बीमार है। सामूहिक हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस को बताया गया कि सोरेन ने शुक्रवार रात शराब का सेवन किया था और पड़ोसी के घर में सो गया। वह शनिवार अल सुबह घर लौटा और परिवार पर हमला कर दिया।

### हर राजधानी एक्सप्रेस में होंगे डबल इंजन, बढ़ेगी गति

नई दिल्ली (आरएनएस)। मुंबई राजधानी एक्सप्रेस में किया गया ट्रायल कामयाब होने के बाद अब रेलवे दूसरी राजधानी ट्रेनों की भी इसी तरह से गति बढ़ाने पर विचार कर रहा है। रेलवे प्रशासन के मुताबिक इससे न सिर्फ यात्री कम वक्त में अपना सफर पूरा कर सकेंगे बल्कि ट्रैक पर भी ज्यादा ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। हालांकि इस मामले में रेलवे को ऐसी हर ट्रेन में अतिरिक्त इंजन लगाना पड़ेगा। रेलवे सूत्रों का कहना है कि छत्रपति शिवाजी टर्मिनल और निजामुद्दीन के बीच चलने वाली ट्रेन का 13 फरवरी को कामयाब ट्रायल हुआ। इस से सफर में 106 मिनट की कमी हुई। डबल इंजन लगाने का एक फायदा यह भी हुआ कि इस रूट के रास्ते में कुछ ऐसा है, जहां पहले भी अलग से इंजन लगाना पड़ता था और फिर बाद में हटाना पड़ता था।

## शेल्टर होम का ग्रिल काटकर फरार हुई सात लड़कियां

### जांच को पहुंचे डीएम-एसपी

पटना (आरएनएस)। बिहार में एक बार फिर से बालिका सुधार गृह यानी शेल्टर होम सुर्खियों में है. मामला पटना से सटे मोकामा का है जहां नाजरथ अस्पताल द्वारा संचालित बालिका सुधार गृह से सात लड़कियां फरार हो गई हैं. फरार होने वाली सात लड़कियों में से पांच लड़कियां मुजफ्फरपुर कांड की पीड़िताएं हैं. जानकारी के मुताबिक सभी लड़कियां पिछले चार-पांच महीने से उसी शेल्टर होम में रह रही थीं. सुबह तीन बजे सभी ने मिलकर शेल्टर होम का ग्रिल काटा और आसानी से फरार हो गईं. सात लड़कियों के एक साथ फरार होने के बाद से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है. मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो वो भी सकते में रह गई. ग्रामीण एसपी ने पूरे मामले की जानकारी ली जिसके बाद दोपहर होते-होते एसएसपी और डीएम भी मामले की जांच को पहुंचे.



जानकारी के मुताबिक सभी लड़कियां सुबह साढ़े तीन बजे से फरार हैं. इस घटना से कुछ दिन पहले ही एक युवती ने अपनी कलाई भी काट ली थी जिसका कारण आपसी विवाद के तौर पर सामने आया था.

कलाई काटने की इस घटना के बाद पीड़िता का एम्स में इलाज हुआ था. इस घटना के बाद से बिहार में एक बार फिर से सुधार गृह की सुरक्षा में खामी दिखी है. फिलहाल पुलिस का कोई भी अधिकारी मामले में कुछ बोलने से बच रहा है. मालूम हो कि इससे पहले बिहार में मुजफ्फरपुर शेल्टर होम से जुड़े कई मामले सामने आए हैं. पूरे मामले की जांच जहां सीबीआई कर रही है।

## पीएम मोदी का राजस्थान दौरा आज से, टोंक में करेंगे रैली

जयपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के दौरे पर हैं. पीएम आज टोंक एक विशाल रैली को सम्बोधित करने जा रहे हैं. माना जा रहा है कि इस रैली के माध्यम से पीएम मोदी 2019 के लोकसभा चुनाव का भी आगाज करेंगे. टोंक में पीएम मोदी के साथ मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ भी रहेंगे. पीएम मोदी टोंक के बाद 26 फरवरी को चूरू में चुनावी सभा करेंगे।

## राफेल डील पर अपने फैसले की समीक्षा करेगा सुप्रीम कोर्ट

### 26 फरवरी को सुनवाई

नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट राफेल डील पर 14 दिसंबर को दिए अपने फैसले की समीक्षा के लिए तैयार हो गया है. फैसले की समीक्षा करने वाली दो याचिकाओं पर 26 फरवरी को सुनवाई होगी. 14 दिसंबर के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने भारत और फ्रांस के बीच 36 राफेल विमानों की खरीद के लिए हुई डील को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था.

पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, अरुण शौरी और वकील प्रशांत भूषण द्वारा फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर की गई है. याचिका पर ओपन कोर्ट के बजाए चैंबर्स में सुनवाई की जाएगी. तीनों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिए गए अहस्ताक्षरित नोट में बताए गए गलत दावों पर भरोसा किया था.



सिन्हा, शौरी और भूषण ने दावा किया कि फैसला त्रुटिपूर्ण रिकॉर्ड और दी गई जानकारी पर विचार न किए जाने पर आधारित था, जिसके कारण सही फैसला नहीं आया. फैसले की समीक्षा के अलावा तीनों ने ओपन कोर्ट में याचिका की सुनवाई की भी मांग की. इन तीनों के अलावा आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने वकील धीरज सिंह के द्वारा 14 दिसंबर के फैसले के खिलाफ याचिका दायर करवाई है. सुप्रीम कोर्ट इस याचिक पर भी सुनवाई करेगा.

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 14 दिसंबर को फैसला सुनाते हुए राफेल डील के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं का खारिज कर दिया था. कोर्ट ने कहा था कि राफेल सौदे में निर्णय लेने की प्रक्रिया पर शक करने की कोई वजह नहीं है. कोर्ट ने यह भी कहा कि राफेल लड़ाकू विमानों की कीमत पर फैसला लेना अदालत का काम नहीं है।

## एटीएस ने देवबंद से जैश के दो संदिग्ध आतंकियों को दबोचा, हथियार भी बरामद



सहारनपुर (आरएनएस)। आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंक रोधी दस्ते (एटीएस) बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने शुक्रवार को सहारनपुर जिले के देवबंद स्थित एक हॉस्टल से आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आतंकियों का नाम शाहनवाज अहमद तेली और आकिब है। आतंकियों के पास से हथियार भी बरामद किया गया है।

बताया जा रहा है कि शाहनवाज जम्मू-कश्मीर के कुलगाम का रहने वाला है। वहीं आकिब पुलवामा का रहने वाला है। सूत्रों का कहना है कि पकड़े गए संदिग्ध को यूपी के ऐसे लोगों की तलाश थी, जिन्हें ब्रेन वॉश के बाद जैश में भर्ती कराया जा सके। इस संबंध में वह पहले भी कई बार देवबंद और यूपी के बाकी जिलों में जा चुका है।

सूत्रों का कहना है कि संदिग्ध पहली बार जनवरी में एटीएस के रडार पर आया था। यूपी के डीजीपी ओपी सिंह इस सिलसिले में जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देंगे।

एटीएस के मुताबिक, इन आतंकियों के फोन से जैश से जुड़े वीडियो और तस्वीरें बरामद हुई हैं। एटीएस को शक है कि इनके संबंध पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से हो सकते हैं। एटीएस ने शुक्रवार सुबह की गई कार्रवाई में करीब 11 कश्मीरी छात्रों को हिरासत में लिया था, जिनमें से शाहनवाज समेत एक अन्य छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी छात्रों से भी आगे की पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि पूछताछ में शाहनवाज अहम खुलासे कर सकता है, जो पुलवामा आतंकी हमले की जांच कर रही एजेंसियों के भी काम आ सकते हैं।

बता दें कि पुलवामा में 14 फरवरी को हुए आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। हमले की जांच कर रही एनआईए ने आतंकी हमले के 6 दिनों बाद बुधवार को एफआईआर दर्ज कर ली है। एजेंसी ने एफआईआर में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और उसके सरगना मसूद अजहर का नाम भी शामिल किया है। हमले के बाद जैश ने एक वीडियो जारी कर इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। ऐसे में यह अपने आप में जैश की संलिप्तता का एक सबूत भी है।

## केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से वजीराबाद तालाब के लिये जरूरी पानी छोड़ने का अनुरोध किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली के कुछ इलाकों में ''आसन्न'' जल संकट की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे वजीराबाद तालाब के लिये उतना पानी छोड़ने का अनुरोध किया, जितना तालाब के लिये जरूरी है। पत्र में उन्होंने कहा कि मार्च के मध्य तक यमुना में जलस्तर कम होने की आशंका है। केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की ''अनिच्छा'' के कारण एनडीएमसी और मध्य दिल्ली के इलाकों के लिये निर्धारित करीब एक तिहाई उत्पादन इससे प्रभावित होने की संभावना है।

## आतंकियों को तिहाड़ भेजने वाली याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने सात पाकिस्तानी आतंकवादियों को जम्मू से दिल्ली की तिहाड़ जेल स्थानांतरित किये जाने संबंधी याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार से शुक्रवार को जवाब तलब किया।



न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति एम. आर. शाह की पीठ ने जम्मू-कश्मीर सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके जवाब देने को कहा है।

राज्य सरकार ने याचिका दायर करके न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह जम्मू की जेल में बंद सात पाकिस्तानी आतंकवादियों को दिल्ली की तिहाड़ जेल या पंजाब और हरियाणा की किसी अति सुरक्षा वाली जेलों में स्थानांतरित करने की अनुमति दे। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील शोएब आलम ने दलील दी कि विभिन्न संगठनों ने इन आतंकवादियों को विभिन्न जेलों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए, क्योंकि ये आतंकवादी स्थानीय कैदियों को उकसा रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले में सुनवाई करेगा। पीठ ने श्री आलम को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि सातों आतंकवादियों को भी नोटिस जारी किये जायें।

## जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 66 हुई, दो गिरफ्तार

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के गोलाघाट जिले में जहरीली शराब पीने से चाय बागान के 66 मजदूरों की मौत हो गई. जिले के एक अधिकारी ने बताया कि कई लोगों का अभी विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है. ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है.

स्थानीय लोगों के मुताबिक, सालमारा चाय बागान के मजदूरों ने गुरुवार शाम वेतन मिलने के बाद एक दुकान से शराब खरीदी थी, जिसे पीते ही चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई. अगले 12 घंटे में आठ अन्य लोगों की मौत की खबर आई,



जो अब बढ़कर 66 पर पहुंच गई है. पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों की पहचान इंदुकलपा बोरदोलोई और देव बोरा के रूप में हुई है, जो चाय बागान के पास ही देसी शराब की भट्टी चलाते थे. वहीं पुलिस इस मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुटी है. डीएसपी पार्थ प्रतीम सैकिया ने बताया, हमने दो लोगों को गिरफ्तार किया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है.स्थानीय लोगों के मुताबिक, इलाके में 10 से 20 रुपये में कच्ची शराब मिला करती है. उन्होंने बताया कि शराब की दुकान चलाने वाले संजू ओरांग और उसकी मां द्रौपदी उरांग की भी जहरीली शराब पीने से मौत हो गई.

उधर असम के आबकारी मंत्री परीमल शुक्ल वैद्य ने विभाग के अधिकारियों की एक टीम को घटना की जांच करने का निर्देश दिया है।

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रेलवे सुरक्षा बल के 63 अधिकारी सम्मानित

नईदिल्ली (आरएनएस)। रेलवे के सुरक्षा प्रहरी माने जाने वाले रेलवे सुरक्षा बल की आज यहां अलंकरण परेड-2019 आयोजित की गई। रेलवे राज्य मंत्री तथा संचार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनोज सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली और आरपीएफ के 63 अधिकारियों तथा कर्मियों को मातृ भूमि की सेवा में उनके उत्कृष्ट, साहसिक और सराहनीय कार्यों के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, भारतीय पुलिस पदक, बहादुरी के लिए रेल मंत्री पदक आदि जैसे अलंकरणों से सम्मानित किया। इस अवसर



पर उत्तरी रेलवे के महाप्रबंधक टी पी सिंह, आरपीएफ के महानिदेशक अरूण कुमार के अलावा कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मनोज सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि रेलवे आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में आर पी एफ पर रेलवे की संपत्तियों की सुरक्षा के साथ ही यात्रियों की सुरक्षा जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई बार आरपीएफ को भई विषम स्थितियों में भी काम करना पड़ता है। इसे देखते हुए रेलवे ने भारतीय रेल के 200 बैरकों को और बेहतर बनाने का फैसला किया है। इन बैरकों की बेहतर निगरानी के लिए एक वेब डैशबोर्ड बोर्ड विकसित किया गया है।

सिन्हा ने कहा कि ढांचागत विकास एक गतिशील प्रक्रिया है। रेलवे लाइनों को भीड़-भाड़ तथा गैर-कानूनी आवाजाही से बचाने के लिए उनके दोनों ओर दीवार बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च सुरक्षा दी गई है। इसलिए वर्ष 2018 को भारतीय रेल ने 'महिला और बच्चे' के वर्ष के रूप में मनाया था। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए शुरू किए गए हेल्प लाइन नंबर 182 को और बेहतर बनाया गया है। परेड सम्पन्न होने के बाद सिन्हा ने आरपीएफ की सुरक्षा हेल्प लाइन नंबर 182 के उन्नत संस्करण का शुभारंभ किया।